दिनांक: 03.09.2026 समय: 18:30

पीएम

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

भारत और बेल्जियम अगले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने पर सहमत-दोनों देशों के बीच आज नई दिल्ली में कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।

प्रदेश के 309 नगरीय निकायों में होने वाले चुनाव के लिए 34 हज़ार 719 उम्मीदवार मैदान में।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए बैंकों को जागरुकता कार्यक्रम चलाने को कहा।

प्रदेश में बारिश की गतिविधियां और तेज़ होने की संभावना-कल 19 ज़िलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट।

000

भारत और बेल्जियम ने आज नई दिल्ली में विभिन्न समझौतों का आदान-प्रदान किया। इन एमओयू में नवीकरणीय ऊर्जा, साइबर अपराध और राजनयिक प्रशिक्षण तथा अन्य क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर ने द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों देश अगले पांच सालों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए। इसके बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन में श्री मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी रफ्तार बनाए रखी है। उन्होंने कहा कि पिछले तिमाही में देश ने 7 दशमलव 8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर दर्ज की है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की ग्रोथ स्टोरी दुनिया के लिए विश्वास और नए अवसरों का स्रोत बन रही है। उन्होंने भारत और बेल्जियम के संबंधों को दीर्घकालिक बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच पिछले एक दशक में भागीदारी में काफी बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला को दोनों देशों की प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा पर आज हुए समझौता ज्ञापन से सतत सहयोग को नई गति मिलेगी।

------------

बेल्जियम के प्रधानमंत्री श्री वेवर ने अपने वक्तव्य में भारत को सबसे बड़े लोकतंत्र और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश तथा वैश्विक ताकत बताया। उन्होंने कहा कि बेल्जियम और भारत दुनिया की सबसे खुली और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से हैं।

000

नगरीय निकाय चुनावों के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन रहा। 10 हजार 245 वॉर्डों के लिए होने वाले इन चुनावों में कुल 8 हजार 457 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिये। इसके साथ ही प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार इन वॉर्डों के लिए अब 34 हजार 719 उम्मीदवार मैदान में हैं। 309 नगरीय निकायों में 10 नगर निगम, 51 नगर परिषद और 248 नगरपालिकाएं हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपने-अपने बागी उम्मीदवारों के मनाने के लिए जोर लगाया। वहीं कई सीटों पर असंतुष्ट निर्दलीयों ने पर्चे वापिस लेकर अधिकृत प्रत्याशियों को समर्थन देने की घोषणा की। 30 वॉर्डों में निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं कई वॉर्डों में बागी उम्मीदवार और तीसरे मोर्चे के प्रत्याशी सीधे तौर पर चुनावी समीकरण को प्रभावित कर सकते हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब चुनाव प्रचार पूरी तरह रफ्तार पकड़ रहा है।

000

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने नगरीय निकायों चुनाव में नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों की वीसी के जरिये बैठक ली। जयपुर से हुई इस बैठक में उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। श्री सिंह ने मतदान दलों की रवानगी, मतगणना केन्द्रों और वोटों की गिनती की तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने पर्यवेक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पूरी तरह सजग और सतर्क रहते हुए सतत निगरानी करने के निर्देश दिये। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निस्तारण करने को कहा। प्रदेश में होने वाले इन चुनावों के लिए 49 पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं। इसके बाद मीडिया से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि पर्यवेक्षकों को 14 सितम्बर तक संबंधित जिलों में रहकर चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी करनी होगी।

------------

000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच बढ़ाने के लिए कहा है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ मिल सके। मुख्य सचिव आज जयपुर में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने बैंकों को साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए भी जागरुकता कार्यक्रम चलाने को कहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि इससे लोगों को आनलाइन बैंकिंग और डिजिटल लेनदेन के दौरान बरती जाने वाली जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बैंकर्स से सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने तथा ग्राहकों को बेहतर और समयबद्ध बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। देश की जीडीपी दर 7 दशमलव 8 प्रतिशत रहने पर उन्होंने खुशी व्यक्त की। साथ ही उन्होंने प्रदेश के प्रमुख बैंकों के प्रदर्शन की सराहना की।

------------

000

राजस्थान पुलिस ने साइबर ठगों द्वारा फिशिंग लिंक के जरिए निजी और बैंकिंग जानकारी चोरी करने की आशंका के मद्देनज़र लोगों को सतर्क किया है। साइबर ठग, फिशिंग लिंक के माध्यम से मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य उपकरणों को वायरस भेजकर संक्रमित कर देते हैं। इसके बाद उपकरण पर नियंत्रण हासिल कर उपयोगकर्ता की जानकारी के बिना नेट बैंकिंग संबंधी विवरण, और संवेदनशील जानकारी चोरी की जा सकती है। साइबर अपराध के अतिरिक्त महानिदेशक वी.के. सिंह ने एंड्रॉयड मोबाइल उपयोगकर्ताओं को ईस्कैन सीईआरटी-इन बॉट रिमूवल ऐप का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। यह ऐप मोबाइल में मौजूद बॉट, मालवेयर, ट्रोजन और अन्य साइबर खतरों की पहचान कर उन्हें हटाने में मदद करता है। उन्होंने लोगों से व्हाट्सऐप पर दो-स्तरीय सत्यापन सक्रिय रखने का आग्रह किया है।

000

प्रदेश में कल से बारिश की गतिविधियां और तेज होने की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर अगले तीन-चार दिनों में भारी बारिश हो सकती है। वहीं पश्चिमी राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।

------------

000

कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कल मनाया जाएगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामना दी हैं। उन्होंने लोगों से भगवान श्रीकृष्ण

के निष्काम कर्म के संदेश को आत्मसात करते हुए कर्तव्य पथ पर चलने का आह्वान किया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस पावन पर्व पर बधाई देते हुए कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण का कर्मयोग का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने प्रदेशवासियों से समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव को सुदृढ़ करने का संकल्प लेने का आह्वान किया है।

इस बीच, कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर घर-घर में लड्डू गोपाल के जन्मोत्सव को लेकर उल्लास देखा जा रहा है। वहीं प्रदेशभर के प्रमुख कृष्ण मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। राजधानी जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं और तड़के ही दर्शन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। बृज क्षेत्र भरतपुर के बाजारों में भी खासी रौनक छाई हुई है। श्रद्धालु सुंदर पोशाकों के साथ श्रृंगार और पूजन और भोग सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। उधर, डीग के कामवन में भी नंदोत्सव की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि कल से कामां उत्सव की भी शुरूआत होगी।

------------

000

लोक देवता गोगाजी की जन्मस्थली चूरू जिले के ददरेवा में लक्खी मेला आज से शुरू हो गया है। कल रात से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मेले में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और पंजाब सहित कई राज्यों से दर्शनार्थी पहुंच रहे हैं। उधर, हनुमानगढ़ के गोगामेड़ी में भी मेलार्थियों की आवक बनी हुई है।

000

जयपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में आतिशबाजी बिक्री के लिए अस्थाई लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बृजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि दीपावली पर्व को देखते हुए ये अस्थाई लाइसेंस दिये जाएंगे। इसके लिए 22 सितम्बर तक आवेदन किया जा सकता है। ये लाइसेंस 12 अक्टूबर से 11 नवम्बर तक प्रभावी रहेंगे।

000